
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 21.03.2022 से 26.03.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र


## बजट चर्चा पर माननीय मुख्यमंत्री जी का जवाब
(दिनांक 21.03.22)



**विषय: बजट चर्चा पर माननीय मुख्यमंत्री जी का जवाब।**

**प्रभाव:** वर्ष 2022–23 के बजट सत्र के दौरान बजट पर हुई चर्चाओं का आज मुख्यमंत्री जी ने सदन में जवाब दिया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2022 – 23 का बजट अंत्योदय को समर्पित है। और यह कर्ज का नहीं फर्ज का बजट है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति से शुरुआत करना अब हमारा असली ध्येय है। जिसका हक होगा उसको अपना हक अवश्य मिलेगा, लेकिन सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे पहले गरीब व्यक्ति को ही मिलेगा। हमने हर जरूरतमंद व्यक्ति का उत्थान करने का बेड़ा उठाया है। यह पैसा न सत्ता पक्ष का है, न विपक्ष का है, यह जनता का पैसा है और हम इसका उपयोग सदैव जनहित में करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विगत 2 सालों में कोरोना के कारण विकास की रफ्तार धीमी हुई है परंतु सरकार ने विकास की गति को लगातार बनाए रखा है। हमारी सरकार ने बजट से पूर्व सभी हित धारकों से परामर्श लेने की एक नई पहल शुरू की है इस बार भी लगभग 550 लोगों से परामर्श कर बजट में उनके सुझावों को शामिल किया गया है।

उन्होंने कहा कि बजट मांगों पर विचार विमर्श करने के लिए बनी कमेटियों ने भी अपने सुझाव दिए हैं। जो की एक सकारात्मक पहल है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र के लिए भी इस वर्ष बजट में बढ़ोतरी की गई है जो पिछले वर्ष से 17.6 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में मॉडल संस्कृति स्कूलों की संख्या बढ़ाकर 500 करने का प्रस्ताव किया है। हमने अब तक 115 नये मॉडल संस्कृति स्कूल खोले हैं। इन्हें मिलाकर इन स्कूलों की संख्या 138 हो गई है। मॉडल



# साप्ताहिक सूचना पत्र




संस्कृति स्कूलों में पांचवीं कक्षा से ही कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। इन स्कूलों में हम 1.80 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों से कोई फीस नहीं लेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए 5 लाख टेबलेट की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वृद्धा अवस्था पेंशन के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता की राशि बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति माह की है और 23000 ऐसे परिवार सामने आए हैं परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जिनको 31 मार्च से उनसे संपर्क करके उनको उनकी पेंशन बनाई जाएगी और उन्हें बिना आवेदन के पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने सदन में रखे गए विभिन्न बिलों के संबंध में भी अपनी बात कही। हरियाणा लोकोपयोगिताओं के परिवर्तन का प्रतिशेध विधेयक, 2022 के विषय मे बोलते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसका उद्देष्य जमीनों के पुराने लिटिगेशन मामलों का निपटान करना है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 50 साल पहले लोग अपनी जमीन सरकार को विकासात्मक योजनाओं के लिए दान में या गिफ्ट में दे दिया करते थे। उस समय सब मौखिक रूप से होता था, लिखित में कुछ नहीं होता था। आज उनकी पीढियां कोर्ट में चली जाती हैं और दावा करते हैं कि यह जमीन हमारी है और उस पर बनी सार्वजनिक उपयोगिताओं की संपतियों को खत्म किया जाए। ऐसे मामलों से राहत के लिए ही हम हरियाणा लोकोपयोगिताओं के परिवर्तन का प्रतिशेध विधेयक, 2022 लेकर आये हैं। इसके अलावा गुरुग्राम में हुए हादसे पर चल रही चर्चा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने सदन को विश्वास दिलाया कि वह गुरुग्राम की चिंतल सोसायटी के हादसे की जांच सीबीआई से करवाएंगे। सदन में नौकरियों में भ्रष्टाचार का भी मुद्दा भी उठा, जिस पर मुख्यमंत्री जी ने जवाब देते हुए कहा कि नौकरी में भ्रष्टाचार की जड़ें आज के समय की नहीं है बल्कि बहुत पुरानी है, या यूं कहा जाए कि वह कांग्रेस के समय से है। हमारी सरकार तो इन जड़ों को खत्म करने के लिए सभी मामलों की सख्ती से जांच कर रही है और जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

धर्मपरिवर्तन को रोकने के लिए लाए गए विधेयक पर विपक्ष के हंगामे और चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री जी ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि धर्म परिवर्तन निवारण विधेयक का मकसद क्राइम करने वालों में भय बैठाना है। और हरियाण में किसी भी क़ीमत पर जबरन धर्म परिवर्तन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अलग अलग मुद्दों पर हुई चर्चा और विभिन्न जनकल्याणकारी बिलों के पास होने के साथ ही हरियाणा का बजट सत्र आज समाप्त हो गया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## शहीदी दिवस
**(दिनांक 23.03.22)**







**विषय: शहीदी दिवस।**

**प्रभाव:** शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव जी के शहादत को याद करते हुए आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला पहुँचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी शहादत को नमन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज हमें देश के लिए मर मिटने की जरूरत नहीं, देश के लिए जीने की जरूरत है। समाज में व्याप्त कुरीतियों और देश विरोधी ताकतों को समाप्त करने के लिए हम सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा 23 मार्च कोई तारीख़ नहीं बल्कि देशप्रेम की एक पूरी कहानी है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर सेक्टर 7, पंचकूला में शहीद–ए–आज़म भगत सिंह के नाम पर बनने वाले सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री जी ने लोगो से आहवान करते हुए कहा कि हमें क्रांतिकारियों और वीर शहीदों द्वारा दिलाई गई आज़ादी को अवसर मान कर अपने स्वाभिमान तथा गौरव को कायम रखते हुए आगे बढना होगा तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे नशा, महिलाओं के प्रति अपराध व देश विरोधी ताकतों के खिलाफ लड़ना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन लोगों को शहीद भगत सिंह की किसी एक आदत का अनुसरण करते हुए उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह को पढ़ने की आदत थी और जेल के दौरान भी वे कुछ न कुछ पढ़ते रहते थे। इसलिए हमें अपने जीवन में ज्ञान को बढाते रहना चाहिए। हम सभी के पास उर्जा है और उस उर्जा को सही दिशा में उपयोग करने के लिए ज्ञान आवष्यक है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शहीद भगत सिंह को आने वाली पीढ़ियां शताब्दियों तक याद रखेंगी ।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह

(दिनांक 23.03.22)

**विषय: उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने देहरादून में आयोजित शपथग्रहण समारोह में पहुँचकर उत्तराखंड के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री पुश्कर सिंह धामी जी को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि BJP की यह जीत ऐतिहासिक है और पुश्कर जी के नेतृत्व में उत्तराखंड तरक्की के नए आयाम छुएगा। उन्होंने उत्तराखंड राज्य की जनता का भी आभार व्यक्त किया और इस जीत के लिए हर एक कार्यकर्ता को भी बधाई और शुभकामनाएं दी।

## सभी जिलों के DC, SP के साथ बैठक


(दिनांक 24.03.22)



**विषय: सभी जिलों के DC, SP के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** बजट सत्र के ख़त्म होने के एक दिन बाद ही आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी जिलों के आयुक्त और पुलिस अधीक्षकों के साथ चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में बैठक की।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भ्रस्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी या सुनिष्चित करे कि लोगों की सुनवाई हो और उनकी समस्याओं का निराकरण हो। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक नई हाई पावर कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए डिविजन लेवल पर हरियाणा विजिलेंस की 6 नई इकाईयों का गठन भी किया जा चुका है। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निश्ठा और ईमानदारी का पाठ पढ़ाने के लिए चाणक्य की ‘‘लैंप नेशनल



# साप्ताहिक सूचना पत्र

ट्रेजरी" कहानी का उदाहरण दिया और इससे देशहित में काम करने और लोगो का भला सोचने की सीख लेने को कहा। 'लैंप नेशनल ट्रेजरी' कहानी का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जैसे चाणक्य ने अपने निजी काम के लिए राष्ट्रीय संपदा का इस्तेमाल न करके निजी संपदा का इस्तेमाल किया, वैसे ही हमें सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग रोकने के साथ–साथ चरित्र निर्माण करना होगा।

उन्होंने कहा कि एक बार चाणक्य लैंप की रोशनी में सरकारी काम कर रहे थे। अचानक से उनसे मिलने के लिए एक दोस्त आ गया। चाणक्य ने उन्हें रूकने के लिए कहा, थोड़ी देर बाद चाणक्य ने अपना वह लैंप बुझा दिया और दूसरा लैंप जलाकर अपने दोस्त से बातचीत शुरू कर दी। यह देख दोस्त ने लैंप बुझाने का कारण पूछा, तो उन्होंने कहा कि पहले मैं सरकारी खजाने के तेल से जल रहे लैंप में सरकारी काम कर रहा था। अब आपसे मेरी मुलाकात व्यक्तिगत है, इसलिए मैंने अपना लैंप जलाया है, जिसमें मेरे निजी कोश से खरीदा गया तेल इस्तेमाल हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमें ऐसे राष्ट्रीय चरित्र की जरुरत है, जिनसे पूरा देश प्रेरणा ले सके।


इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सरकार का मुख्य धेय्य अन्त्योदय उत्थान है और हम इसी लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। इसलिए हर अधिकारी यह सुनिष्चित करे कि गरीब व्यक्तियों के लिए बनाई जा रही योजनाओं का लाभ उन तक पहुँचे। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कर्मचारियों के लिए अलग से बनाए गए मानव संसाधन विभाग की जानकारी भी दी और कहा सरकारी कर्मचारियों के लिए हमने एक नए विभाग मानव संसाधन (एचआर) के गठन करने का भी निर्णय लिया है। इस विभाग के अंतर्गत कर्मचारियों से जुड़ा रिकॉर्ड, उनकी ट्रांसफर, उनके ऊपर चल रहे मामले व सेवानिवृत के बाद पेंशन से जुड़े मामले रहेंगे। यह विभाग खुद मुख्यमंत्री के पास रहेगा।

## मुख्य सूचना आयुक्त का शपथ ग्रहण समारोह
(दिनांक 25.03.22)



**विषय: मुख्य सूचना आयुक्त का शपथ ग्रहण समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सेवानिवृत आईएएस श्री विजय वर्धन जी को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त की शपथ दिलवाई इसके साथ ही सेवानिवृत आईएएस सत्यवीर सिंह जी ने भी राज्य सूचना आयुक्त की शपथ ली। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में आयोजित कार्यक्रम में दोनों सेवानिवृत आईएएस अधिकारियों ने हिंदी में शपथ ली।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री जी का शपथ ग्रहण समारोह

(दिनांक 25.03.22)



**विषय: उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री जी का शपथ ग्रहण समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने लखनऊ जाकर यूपी के सीएम श्री योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री जी का उत्तर प्रदेश में भव्य स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश के लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को लगातार उनके दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी अंतरराष्ट्रीय इकाना क्रिकेट स्टेडियम में किया गया था । इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने आशा व्यक्त की कि मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ अपने पहले कार्यकाल से भी बेहतर कार्य करेंगे।

## दो दिवसीय हिसार दौरा


(दिनांक 26.03.22)





**विषय: दो दिवसीय हिसार दौरा।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी अपने दो दिनों के के प्रवास पर आज हिसार पहुँचे। इस दौरान वह सबसे पहले केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान का गए और वहाँ चल रहे शोध कार्यों की जानकारी ली।



# साप्ताहिक सूचना पत्र





मुख्यमंत्री जी ने वहाँ थर्मल इमेजिंग पुस्तक का विमोचन भी किया और साथ ही आधुनिक तकनीक से तैयार किए गए भैंस के क्लोन को भी देखा और किसानों के हित मे इसे किस तरह से आगे बढ़ाया जाए उस पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री जी ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे पशुपालकों को उत्तम नस्ल की ज्यादा दूध देने वाली भैंसों के टीके उपलब्ध करवाएं, ताकि प्रदेश में दुग्ध का उत्पादन बढ़ाया जा सके।

इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरू जम्भेश्वर विश्विद्यालय जाकर वहां छात्रों से हरियाणा के बजट पर चर्चा की। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने हरियाणा के आम बजट को एक नई दिशा दी है। प्रदेश के इस डायमंड बजट में गुणात्मक वृद्धि पर जोर दिया गया हैइसमें समर्थ हरियाणा, अत्योदय, सत्तत विकास और पर्यावरण जैसे विशयों पर विशेष तौर पर फोकस किया गया। यह पहली बार है कि मंत्रियों, अर्थशास्त्रियों व समाज के प्रभुद्ध वर्ग के साथ–साथ अन्य हित्तधारकों के साथ बैठक करके बजट तैयार किया गया है। तत्पष्चात माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी पहुँचकर अनेक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें डॉ. मंगलसेन कृषि विज्ञान संग्रहालय के साथ वर्चुअल कृषि परामर्श सेवा,खिलाड़ियों के लिए मल्टी पर्पज़ हॉल व काम्बैट हॉल का भी उद्घाटन शामिल है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने रोहनात गावँ की कहानी को बताने वाले नाटक दास्तान ए रोहनात को भी देखा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शहीदों की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। और आजादी के लिए बलिदान देने वाले रोहनात गांव के शहीदों पर सभी को नाज है। यह हमारा दायित्व है कि देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले शहीदों को याद रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस नाटक को देखने के लिए रोहनात से लगभग 700 लोग पहुंचे हैं। इसके अलावा हिसार व आसपास के क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। 29 मई 1857 के दिन जो चिंगारी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ निकली थी। इस घटना के बाद अंग्रेजों ने हमारे लोगों पर अत्याचार बढ़ा दिए लेकिन फिर भी हम झुके नहीं और डट के उनका सामना किया। देश भले ही 1947 में आजाद हो गया था लेकिन रोहनात गांव के लोगों की पीड़ा जस–की–तस रही। चार साल पहले 23 मार्च को जब मैं रोहनात आया तब पहली बार रोहनात में तिरंगा फहराया गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा के हर जिले में आज़ादी के अमृत महोत्सव के उप्लक्षय इस नाटक का मंचन करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने अपने दौरे के दूसरे दिन गाँव मंगाली पहुँचकर नलवा विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की साथ ही राजकीय महाविद्यालय मंगाली का शिलान्यास भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री जी ने मंगाली के शहीदों



# साप्ताहिक सूचना पत्र

की स्मृति में बनाए गए स्मारक पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही श्री बालाजी गौशाला के 17वें वार्षिक महोत्सव एवं गौ–भागवत कथा समारोह में की शिरकत कर गौशाला में विभिन्न कार्यों के लिए 65 लाख रुपये की राशि की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री जी ने अपने इस हिसार प्रवास के दौरान जानता से मिले प्यार और सत्कार के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया और इस दो दिवसीय दौरे को सफल बनाने के लिए सभी हिसार वासियों को धन्यवाद दिया।

## लैटिन अमेरिकन देशों के साथ बैठक और संवाद


(दिनांक 27.03.22)



**विषय: लैटिन अमेरिकन देशों के साथ बैठक और संवाद।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सूरजकुंड जाकर विभिन्न लैटिन अमेरिकन देशों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अलग अलग विषयों पर चर्चा की। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा की अब लैंड ऑफ अपॉर्च्युनिटी की ग्लोबल इमेज बनने लगी है। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा–एलएसी सम्मेलन में लैटिन व कैरेबियाई देशों को विभिन्न क्षेत्रों में हार्ट टू हार्ट रिलेशनशिप का निमंत्रण भी दिया।

इस अवसर पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी जी भी मौजूद रही उन्होंने हरियाणा को निवेश के लिए गुड डेस्टिनेशन बताया साथ ही इस आयोजन के लिए हरियाणा की प्रशंसा भी की। लैटिन अमेरिका व कैरेबियाई क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक देशों ने भी हरियाणा की नीति, नेतृत्व व कार्यक्रम क्रियांवयन को लेकर जमकर प्रशंसा व तारीफ़ की साथ ही आपसी संबंधों को लेकर भी सहमति दिखाई। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लैटिन अमेरिकी देशों के साथ टेलिमेडिसन, ई–गवर्नेंस सहित विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग की बात कही है। हरियाणा सरकार ने भी इस दिशा में आगे बढ़ते हुए गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट (जीटूजी) व बिजनेस टू बिजनेस (बीटूबी) से आगे बढ़ते एच टू एच यानि हार्ट टू हार्ट नीति के तहत अपने सहयोगियों के साथ दिल से संबंध रखने की पहल की है। लैटिन अमेरिकी व कैरेबियाई देशों के साथ आर्थिक व गैरआर्थिक



# साप्ताहिक सूचना पत्र

रोडमैप पर काम करते हुए अल्ट्रा मॉडर्न शहरी विकास, खेल, रिसर्च एंड डेवल्पमेंट, शिक्षा, कौशल व ऊर्जा आदि क्षेत्रों में आपसी समन्वय से काम करना होगा। मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा को अवसरों की भूमि बताते हुए कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार हम देश के  अग्रणी राज्यों में शामिल हैं ।

## तिगावँ प्रगति रैली

(दिनांक 27.03.22)



**विषय: तिगावँ प्रगति रैली।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने फरीदाबाद के तिगावँ में आयोजित प्रगति रैली को संबोधित किया। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने फरीदाबाद को 7 नई विकास योजनाओं की सौगात भी दी। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने करीब 45 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का शुभारंभ किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार का पूरा फोकस समुचित विकास पर है। राज्य सरकार समुचित विकास पर ध्यान देते हुए योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों को देने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही है। हम व्यवस्था परिवर्तन के साथ जनसेवा में सहभागी बन रहे है। सत्ता हमारे लिए सुख का नहीं सेवा का माध्यम है। हम अंत्योदय की भावना से काम कर रहे है और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण का लक्ष्य लेकर चल रहे है।
भ्रष्टाचार को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ये मनोहर लाल भ्रष्टाचारियों का काल है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने रैली में फरीदाबाद जिला की विकास योजनाओं के लिए 1525 करोड़ रुपए की घोषणाएं करते हुए जिला को अनेक मनोहर सौगात दी।